04 राघौगढ़ के 24 वार्डों में शुरू है जल आपूर्ति



07 जिले में एक मात्र भैंसरवास हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत...






## समाचार संक्षेप

### जूनियर रेडक्रॉस व यूथ रेडक्रॉस ने मनाया अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस स्थापना दिवस



**गुना।** मानवता को जीवित रखना विषय पर संगोष्ठी,शीतल जल सेवा,पशु पक्षियों के लिए सकोरे एवं स्वच्छता कर मनाया। राज्य मुख्यालय के निर्देश पर जूनियर रेडक्रॉस अध्यक्ष चंद्रशेखर सिसोदिया जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक संचालक राजेश गोयल के मार्गदर्शन में 8 मई को जिला जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण केंद्र पर राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा जारी थीम मानवता को जीवित रखना के अन्तर्गत जूनियर रेडक्रॉस एवं यूथ रेडक्रॉस दल के साथ सामाजिक गतिविधियों का कार्य किया गया। जिसमें मानवता को जीवित रखना विषय पर संगोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती एवं हेनरी ड्यूनोट के पर माल्यार्पण कर काउन्सलर जितेंद्र ब्रह्मभट्ट, वंदना शर्मा एवं लक्ष्मी नारायण साहू द्वारा किया गया। जितेन्द्र ब्रह्मभट्ट ने बताया कि जूनियर रेडक्रॉस एवं यूथ रेडक्रॉस के स्वयं सेवक सदैव मानवता की सेवा के लिए तैयार रहते है। स्वस्थ सेवा और मित्रता के भाव लेकर कार्य करते रहते है। यूथ रेडक्रॉस की प्रियंका धाकड़ द्वारा सीपीआर और प्राथमिक चिकित्सा के बारे में बताया गया और इसको करके दिखाया। संगोष्ठी के उपरांत राहगीर के लिए शीतल जल सेवा का शुभारंभ किया गया। इसके बाद सेवा भारती द्वारा संचालित आनंद धाम वरिष्ठजन सेवा केन्द्र पर जाकर श्रमदान कर स्वच्छता का सेवा कार्य किया एवं वरिष्ठ जनों के साथ चर्चा कर भजन कीर्तन किया।इस वर्ष की थीम मानवता को जीवित रखना के अन्तर्गत पशु पक्षियों के लिए सकोरे रखे। कलेक्टर पदेन अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस को जिला रेडक्रॉस भवन में यूथ रेडक्रॉस काउन्सलर जितेंद्र ब्रह्मभट्ट द्वारा रेडक्रॉस का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। जिला रेडक्रॉस भवन में प्रियंका धाकड़ को एवं यूथ रेडक्रॉस को रक्तदान हेतु प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया उक्त कार्यक्रम का संचालन प्रताप नारायण मिश्रा जिला संगठन एवं जितेंद्र ब्रह्मभट्ट काउन्सलर यूथ रेडक्रॉस,लक्ष्मी नारायण साहू जिला काउंसलर द्वारा किया गया।इस अवसर पर यूथ रेडक्रॉस के सौरभ बैरागी,आदर्श कुमार प्रजापति, शारदा धाकड़,शिव कुमार,अभय रजक, प्रताप रजक साथ ही कन्या कैण्ट,एम एल वी, उत्कृष्ट अन्य विद्यालय के जूनियर रेडक्रॉस के स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

### प्रोजेक्ट समृद्धि को लेकर स्वयं सहायता समूह का उन्मुखीकरण किया गया




**राघौगढ़।** ड्रॉपआउट गर्ल्स को बैक टू स्कूल एवं सुधार के लिये पिरामल फाउंडेशन एवं स्वयं सहायता समूह की एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक मधुसूदनगढ़ एवं उकवाद में कुल 32 एसएचजी के सदस्य उपस्थित थे एन आर एल एम से ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजेश सिंघोरिया एफ़ आर सी संतोष केवट, राजेश कुशवाहा, गजराज भेलाल, गंगाराम अहिर्वार तथा पिरामल फाउंडेशन की ओर से गाँधी फेलो नीरज कुमार उपस्थित रहे।

# जजों ने लिया पर्यावरण संरक्षण में योगदान का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अखिल भारतीय ग्राहक पञ्चायत की गुना इकाई द्वारा चलाये जा पर्यावरण संरक्षण अभियान के अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण में स्वयं की भूमिका हेतु संकल्प पत्र भरवाये जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को गुना के न्यायाधीशगण द्वारा भी संकल्प पत्र भरे गये हैं।

ग्राहक पंचायत के जिला सचिव विठ्ठल अहिरवार ने बताया कि इस अवसर पर ग्राहक पंचायत के क्षेत्र संगठन मंत्री अलंकार वशिष्ठ ने ग्राहक पञ्चायत के सम्बन्ध में संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया कि यह समन्वय और सामंजस्य से व्यवस्था में सुधार हेतु कार्य करने वाला संगठन है, जो कि पिछले 50 वर्षों से ग्राहक जागरण हेतु कार्य कर रहा है। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र, विशेष न्यायाधीश संदीप



श्रीवास्तव, अपर सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार सूर्यवंशी, अपर सत्र न्यायाधीश राघवेन्द्र भारद्वाज, अपर सत्र न्यायाधीश ओपी रघुवंशी, अपर सत्र न्यायाधीश राधाकिशन मालवीय, अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती सोनाली शर्मा, अपर सत्र न्यायाधीश शैलजा गुप्ता, सीजेएम मधुलिका मुले, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव वन्दना त्रिपाठी, जेएमएफसी श्रुति चौहान, जेएमएफसी चेतन बजाड़, जेएमएफसी यश दुबे, जेएमएफसी सुरेश बारगिया, इस अभियान के प्रभारी अजय श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष जयवीर सिंह रघुवंशी उपस्थित रहे। जे एम एफ सी राजकुमार तोरनिया और जे एम एफ सी आयुषी मित्तल भी उपस्थित रहीं।

### परिवहन विभाग द्वारा 9 यात्री बसों पर की 23 हजार रूपये की चालानी




गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एवं विभाग की टीम द्वारा गुना शहर में फतेहगढ तिराहे एवं अशोकनगर रोड पर चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान में 20 यात्री बस चैक की गई जिनमें से 7 यात्री बसों पर ओव्हरलोड एवं 1 यात्री बस बिना फिटनेस पाई गई जिनमें से कुल 9 यात्री बसों पर 23,000 रूपये जुर्माने के रुप में वसूल किये गये। साथ ही एक दिव्यांगजन यात्री द्वारा वाहन क्रमांक **MP** 67 **P** 1491 बालाजी बस सर्विस की शिकायत पर परिवहन विभाग की टीम द्वारा चालानी कार्यवाही करते हुए 3000 रूपये का चालान वसूला गया। कार्यवाही के दौरान परिवहन की टीम में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ज्ञानेन्द्र वैश्य, चैकपॉइन्ट प्रभारी संतोष सिंह तोमर, आरक्षक आदि मौजूद रहे। एआरटीओ द्वारा बताया गया कि जिले में अवैध वाहनों के खिलाफ चैकिंग की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## नजूल कॉलोनी में सरकारी भूमि पर गोशाला की जांच करने पहुंचे अधिकारी

# संचालक बोले ये गोशाला नहीं बल्कि गो स्वास्थ्य केंद्र है





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जनसुनवाई में नजूल कालोनी में नजूल की भूमि पर गोशाला का संचालन करने की शिकायत मिलने के बाद गुरुवार को एसडीएम, सीएमओ और तहसीलदार ने अमले के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की और गौशाला का संचालन कर रही समिति के पदाधिकारियों से चर्चा कर शासकीय भूमि को खाली करने संबंधी निर्देश दिए।

इधर गोशाला का संचालन करने वाली समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि ये गोशाला नहीं है, बल्कि ये गो स्वास्थ्य केंद्र है, यहां बीमार गायों का उपचार किया जाता है। वर्तमान में भी छह गाय यहां उपचाररत हैं। उन्होंने बताया कि शहर में कहीं भी कोई बीमार या दुर्घटना का शिकार गायों का इलाज हमारे द्वारा किया जाता है।

पिछले 10 वर्षों से हम यहां काम कर रहे हैं। जगह कम पड़ने पर नजूल की भूमि का उपयोग किया जा रहा था। लेकिन कुछ भूमाफियाओं की नजर इस जमीन पर है। उनके द्वारा यहां कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। हमने जब विरोध किया तो हमारी शिकायत कर दी गई। इसके बाद आज प्रशासन के अधिकारी यहां जांच-पड़ताल करने आए थे। इसके बाद युवकों ने इकट्ठे होकर ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखी ।नजूल कॉलोनी स्थित गौशाला को लेकर विवाद गहराता जा रहा है।

एक ओर जहां स्थानीय लोगों ने इस पर अतिक्रमण का आरोप लगाते हुए प्रशासन से शिकायत की है, वहीं दूसरी ओर गौशाला संचालकों ने इसे पिछले 10 वर्षों से सेवा कार्य बताते हुए संचालन की अनुमति मांगी है। मामले को लेकर अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया, बीते मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान स्थानीय रहवासियों ने जिला प्रशासन से शिकायत की थी कि नजूल कॉलोनी में गौशाला के नाम पर सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है। इसी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए गुरुवार को एसडीएम शिवानी पाठक, नगर पालिका की प्रभारी सीएमओ मंजुषा खत्री सहित राजस्व विभाग और नगरपालिका का अमला मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने टीनशेड के साथ-साथ अन्य निर्माण की स्थिति को देखा और समिति के पदाधिकारीयों से चर्चा की।बताया गया है निरीक्षण के बाद उन्हें जमीन खाली करने के निर्देश भी दिए हैं। टीम दो दिन की मौहलत देकर लौट गई।

## आबकारी विभाग की कार्रवाई 80 हजार की अवैध मदिरा जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं डॉ. प्रमोद झा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है । जिला आबकारी अधिकारी सीमा सक्सेना के मार्गदर्शन में 8 अप्रैल को आबकारी वृत्त चांचौड़ा के प्रभारी एल. आर. करोसिया द्वारा ग्राम पैंची मण्डी, घाटाखेड़ी, टोंड़ी रोड़ बीनागंज एवं सानई के टपरा पर दबिश दी गयी । दबिश के दौरान म. प्र. आबकारी अधिनियम के तहत कुल 5 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। उक्त कार्यवाही में कुल 96 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 400 कि.ग्रा. गुड़ लाहन जब्त की गयी, सैंपल लेकर गुड़ लाहन को मौके पर नष्ट किया गया।

### सात जुआरी गिरफ्तार

गुना । धरनावदा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रभात कटारे और उनकी टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। घटना 8 मई की है, जब धरनावदा थानांतर्गत गोपीकृष्ण सागर डेम के पास ताश के पत्तों से रुपए की हार-जीत का जुआ खेले जाने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई।पुलिस ने वहां सात जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में अपने नाम हिमांशु प्रजापति (25), दीपक कुशवाह (26), सुनील रजक (33), साजिद वेग (25), फिरोज खान (28), अमित पाल (19, निवासी गणेशपुरा, गुना) और नितिन जाटव (25, निवासी भुल्लनपुरा, गुना) बताए।पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 5,580 रुपए नकद और ताश की गड्डी बरामद की।

## थैलीसीमिया की जांच व थैलीसीमिया से बचाव के लिए चल रहा जनजागरण अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

8 मई को सेवा भारती के संस्थापक श्री विष्णु जी की स्मृति में चल रहे सेवा सप्ताह के अंतर्गत चौथे दिन जिला गुना द्वारा अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा गुना के सहयोग से थैलीसीमिया की जांच व थैलीसीमिया से बचाव हेतु जनजागरण अभियान रेड क्रॉस भवन गुना में सुबह 10 बजे से चलाया गया। उपस्थित लोगों को थैलीसीमिया क्या है उसके लक्षण और उससे बचने का




तरीका बताया गया। इसका आख्यान सेवा भारती के जिला अध्यक्ष डॉ रामवीर सिंह रघुवंशी ने दिया इस अवसर पर सेवा भारती के जिला अध्यक्ष डॉ रामवीर सिंह रघुवंशी, जिला सचिव अखिलेश विजयवर्गीय, जिला सेवा प्रमुख ओमपाल , नागर अध्यक्ष सुनील पांडेय, प्रताप सिंह परिहार, मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा गुना से श्रीमती ऊषा हरिविजयवर्गीय, अंतिमा बंसल, नीलम मंगल आदि उपस्थित रहे । साथ ही रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में भी आयोजित रेडक्रॉस भवन में गुना कलेक्टर किशोर कान्याल ने भी सभी को मार्गदर्शन दिया। इसके बाद कलेक्टर ने सेवा भारती द्वारा हॉस्पिटल प्रांगण में विगत 33वर्षों से चलाए जा रहे अन्नपूर्णा भोजनालय का भी भ्रमण किया और भोजन की गुणवत्ता व सेवा कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की।सेवा भारती अन्नपूर्णा भोजनालय में डॉ रामवीर सिंह रघुवंशी, अखिलेश विजयवर्गीय, सुनील पांडेय, सेवा भारती अन्नपूर्णा भोजनालय के अध्यक्ष काशीराम उरैया, भोजनालय प्रबंधक राजेश चौहान, भंवरलाल पंत, फणींद्र चक्रवर्ती आदि उपस्थित रहे।

## रुठियाई के मंगलोदय तीर्थ पर स्थापित हुआ भव्य सागौन द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के रुठियाई स्थित मंगलोदय तीर्थ क्षेत्र में इन दिनों भक्ति और स्थापत्य कला का सुंदर संगम देखने को मिल रहा है। यहां तीर्थ के मुख्य प्रवेश द्वार पर सागौन की लकड़ी से बना एक भव्य द्वार स्थापित किया गया है, जिसकी ऊंचाई 16 फीट है। यह द्वार न सिर्फ तीर्थ क्षेत्र की गरिमा को बढ़ा रहा है, बल्कि इसकी कलाकारी भक्तों और आगंतुकों का ध्यान आकर्षित कर रही है। इस विशेष द्वार को राजस्थान के भीलवाड़ा से बनवाया गया है। वहां की प्रसिद्ध हैंडीक्राफ्ट इंडस्ट्रीज के दक्ष कारीगरों ने इसे तैयार किया है। इस कारीगरी में भीलवाड़ा की पारंपरिक क्राफ्ट की झलक साफ दिखाई देती है। द्वार पर की गई बारीक नक्काशी, लकड़ी की उत्कृष्ट पॉलिश और उसमें उकेरे गए धार्मिक प्रतीक इस द्वार को अनूठा बनाते हैं।समाज के अंकुर जैन ने बताया कि मंदिर द्वार को हाथों से तराशा गया है और



इसके निर्माण में करीब 7 महीने का समय लगा है। इस दौरान शिल्पकारों ने निरंतर परिश्रम करते हुए हर एक भाग को सावधानीपूर्वक तैयार किया। द्वार पर 24 जैन तीर्थंकरों के प्रतीक चिह्न उकेरे गए हैं, जो इसकी धार्मिक महत्ता को दर्शाते हैं। इन प्रतीकों की सुंदरता और कलात्मकता मंदिर की पवित्रता को और भी प्रभावशाली बनाती है। ज्ञात हो कि मंगलोदय तीर्थ का निर्माण आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद और निर्यापक श्रमण सुधासागर जी महाराज की प्रेरणा से निरंतर प्रगति पर है। यह तीर्थ जैन समाज के लिए एक महत्वपूर्ण आस्था केंद्र बन रहा है। वर्तमान में यहां मूलनायक 1008 भगवान मुनिसुब्रतनाथ स्वामी की प्रतिमा प्रतिष्ठित है, जिनकी प्रतिदिन पूजा-अर्चना व धार्मिक अनुष्ठान भक्तों द्वारा किए जा रहे हैं। भीलवाड़ा की जिस टीम ने इस द्वार का निर्माण किया, उसमें प्रमुख रूप से कारीगर पवन आर्य व उनकी टीम के गौरव सोनी, देवा कुमार सूर्यवंशी, अखिलेश यादव शामिल हैं। इस टीम ने अपनी कला और श्रम से न केवल एक द्वार, बल्कि भक्ति और परंपरा का संगम रचा है, जो आने वाले समय में तीर्थ की पहचान का हिस्सा बनेगा।


## मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कार्यों का अफसर, कर्मचारियों में विभाजन किया

# अब 11 अधिकारी कर्मचारी करेंगे लोगों की समस्याओं का निराकरण, शिकायत झूठी की तो मिलेगा दंड

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री मंजूषा खत्री द्वारा नगर पालिका में कार्यों का विभाजन किया गया है। उक्तानुसार विभिन्न शाखाओं से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु शहर के नागरिक अपनी शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिकायत निराधार एवं असत्य पाए जाने पर संबंधित शिकायत कर्ता के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाही भी की जाएगी। प्रभारी सीएमओ ने 11 अधिकारी कर्मचारियों को यह दायित्व सोंपे हैं जो विभिन्न शिकायतों का निराकरण करने के लिए तैनात किए गए हैं।

गौर तलब है कि पिछले दिनों डिप्टी कलेक्टर मंजूषा खत्री को नगर पालिका का प्रभारी



**कार्यालय नगर पालिका परिषद गुना (म.प्र.)**
नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु सम्पर्क करें।

| | अधिकारी / कर्मचारी का नाम | मोबाईल नंबर | सौंपा गया कार्य |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री तेज सिंह यादव सहा. परियोजना अधिकारी | 9893462754 | नगरीय क्षेत्र में अतिक्रमण संबंधित शिकायतों का निराकरण करेंगे । |
| | श्री अमित कुमार | 8770141397 | |
| | श्री डिफेंस जादौन | 7697252077 | |
| 2 | श्री शकील खान | 9039815644 | फायर बिग्रेड संबंधित कार्य |
| 3 | श्री नितिन चंदेल उपयंत्री | 7477292837 | नगरीय क्षेत्र में सफाई संबंधित शिकायतों का निराकरण करेंगे । |
| | श्री सतीश धोलपुरिया | 9685069561 | |
| 4 | श्री शैलेन्द्र अवास्या सहायक यंत्री | 9098910957 | नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत निर्माण कार्यों से संबंधित कार्यों का निराकरण करेंगे । |
| | श्रीमति भारती तिवारी उपयंत्री | 8770508499 | |
| 5 | श्री सचित डीमरी उपयंत्री | 8085266006 | नगरीय क्षेत्र अंतर्गत पेयजल संबंधित समस्याओं का निराकरण करेंगे । |
| | श्री रामनाथ मेहरा | 9993068806 | |
| 6 | श्री नरेन्द्र नोनेरिया | 9407220101 | स्ट्रीट लाईट से संबंधित कार्य । |
| 7 | श्री हरिप्रसाद जाटव राजस्व निरीक्षक | 9425467109 | राजस्व शाखा से संबंधित नामांतरण, सम्पत्ति कर आदि कार्य । |
| | श्री मुकुल शर्मा | 8602399066 | नगर पालिका की दुकानों के किराया संबंधित कार्य |
| 8 | श्री भूपेन्द्र चौहान | 7987434632 | जज्जी बस स्टेण्ड (साफ–सफाई, अतिक्रमण, एवं संपूर्ण व्यवस्था) |
| 9 | श्री सुनील कुमार जैन उपयंत्री | 9425354269 | सी.एम हेल्प लाईन एवं केन्ट, बूढ़ेबालाजी मुक्तिधाम की साफ–सफाई की व्यवस्था |
| 10 | श्री बृजमोहन खरे | 8305811112 | केन्ट गौशाला की व्यवस्था एवं शिकायत |
| 11 | श्री विवेक श्रीवास्तव | 8989060101 | चालानी कार्यवाही (स्वच्छता, प्लास्टिक, अतिक्रमण) |

सीएमओ बनाया गया है तब से उनके द्वारा व्यवस्थाओं में लगातार सुधार के प्रयास किया जा रहे हैं ।

### अफसर, कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी

सफाई व्यवस्था से लेकर शहर को सुंदर बनाने और अतिक्रमण हटाने जैसे कार्यों पर भी उनके द्वारा कार्य किया जा रहा है । वहीं नगर पालिका से संबंधित कार्यों की नागरिकों के द्वारा मिल रही शिकायतों के संबंध में उन्होंने यह एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है । जिसके तहत विभिन्न अधिकारी कर्मचारियों को निराकरण की जिम्मेदारी सौंप दी है। उम्मीद की जा रही है कि अब जवाबदारी तय होने के बाद नगर पालिका के कार्यों में और ज्यादा कसावट देखने को मिलेगी और नागरिकों को शिकायतों का मौका कम मिलेगा।

### 8 घरेलू गैस सिलेंडर किए गए जब्त

**गुना ।** चलाये जा रहे अभियान के तहत आम जनता को घरेलू गैस सिलेंडरों की उपब्धता सुनिश्चित कराने, अवैध रिफिलिंग रोकने तथा व्यवसायिक उपयोग रोकने के लिये जिला आपूर्ति अधिकारी गुना अवधेश पाण्डेय के निर्देशन में 07 मई को राजकुमार खटीक कैंट रिफिलिंग की दुकान पर 03 घरेलू गैस सिलेंडर, मनोज कुशवाह बांसखेडी से 05 घरेलू गैस सिलेंडर रिफिलिंग हेतु रखे पाये गये इनके द्वारा रिफिलिंग के संबंध में कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किये। इस प्रकार कुल 08 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किये गये। उक्त सिलेंडरों को जप्ती उपरांत विवेक गैस एजेंसी को सुपुर्दगी में दिये गये हैं। इन दोनों व्यक्तियों के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस आदेश 2000 के तहत प्रकरण बनाया गया जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दण्डनीय अपराध है।

## गोपी सागर डैम पर 17 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

# राघौगढ़ के 24 वार्डों में शुरू है जल आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

शनिवार को पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने गुरुवार को राघौगढ़ नगर पालिका क्षेत्र में गोपी सागर डेम पर निर्मित 17 एमएलडी वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों से योजना की प्रगति की जानकारी ली और नगरवासियों को होने वाली सुविधा की समीक्षा की। जयवर्धन सिंह ने इस अवसर पर कहा, ₹जब मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी और कमलनाथ मुख्यमंत्री थे, तब आप सभी के आशीर्वाद से मुझे नगरीय प्रशासन मंत्री के रूप में जनसेवा का अवसर मिला। उसी कार्यकाल में 92.60 करोड़ की लागत से राघौगढ़ नगर की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान हेतु इस परियोजना को स्वीकृति मिली थी।उन्होंने आगे बताया कि नगर





पालिका क्षेत्र के 24 वार्डों में जल आपूर्ति प्रारंभ हो चुकी है, जबकि कुछ वार्डों में कुछ कनेक्शन शेष हैं, जिन्हें शीघ्र जोड़ने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने कहा, ₹हमारा संकल्प है कि हर घर तक समय पर और शुद्ध पेयजल पहुँचे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार साहू, सीएमओ ॐ त्र्यंबकेश्वर मिश्रा, इंजीनियर बी.के. गुप्ता, विशाल बाबू शर्मा, पीसी स्नेहल, ठेकेदार एवं परियोजना से जुड़े अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। श्री सिंह ने कहा कि यह परियोजना कांग्रेस सरकार की दूरदृष्टि और जनकल्याण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का उदाहरण है। राघौगढ़ क्षेत्र की जनता को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएँ उपलब्ध कराना ही उनका मुख्य उद्देश्य है।

## भारतीय सेना के पाकिस्तान में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बुधवार को नगर के समाजसेवियों ने खुशी जाहिर करते हुए मिठाइयां बांटी गई ।

नगर के पूर्व शिक्षक प्राणवीर सिंह पुगाल, हरि सिंह गुर्जर, विक्रम सिंह राजपूत, इस दौरान लोगों ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर नौ जगहों



पर आतंकी ठिकानों को नष्ट किया है। हमें हमारी भारतीय सेना पर गर्व है और देश भर में खुशी का माहौल है।

## थाना पुलिस ने लापता नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया

**राघौगढ़** । थाना पुलिस ने लापता नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया है। पुलिस के अनुसार 25 जनवरी को राघोगढ़ थाना क्षेत्र से 15 वर्षीय नाबालिक बालिका के घर से लापता होने की शिकायत उसके पिता ने थाने में दर्ज कराई थी । इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया था। इसी क्रम में बुधवार को अपहरण करता के संबंध में मुखबिर से सूचना मिलने पर राघोगढ़ थाना पुलिस द्वारा नाबालिक बालिका को दस्तयाब कर लिया । इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जुबेर खान और टीम की भूमिका रही।

## चाचौड़ा में शासकीय आईटीआई में प्रवेश 1 मई से कर सकते ऑनलाइन आवेदन

**चाचौड़ा** । शासकीय आईटीआई चॉचौड़ा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 1 मई से शुरू हो चुके हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 31 मई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य श्री एस. एम अली ने बताया कि आवेदन के लिए **www.dsd.mp.gov.in** पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन और चॉइस फिलिंग जरूरी है जिसमे 10वीं / 12 वीं के उत्तीर्ण बालक बालिकाए अपने आवेदन कर इच्छित व्यवसाय में प्रदेश का लाभ ले सकतें हैं। संस्थान में इस समय चार ट्रेड संचालित हो रहे हैं। इनमें इलेक्ट्रीशियन 02 वर्ष, डीजल मैकेनिक-01 वर्ष वेल्डर-01 वर्ष और स्टेनो (हिंदी)-वर्ष शामिल हैं। इन ट्रेडों में रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा । प्राचार्य ने बताया की पूर्व वर्षों में यहाँ से प्रशिक्षण लेकर सैकड़ों छात्र रेलवे, विद्युत मंडल, एयरफ़ोर्स, नेवी, आर्मी, जेल विभाग, पुलिस विभाग, बीएचईएल, डीआरडीओ, एनटीपीसी, आर्डिनेंस फैक्ट्री, अग्निवीर, एनडीए और दूसरे प्राइवेट सेक्टर में चायनित हो चुके हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय समय प्रातः 9:30 से सायं 5:30 तक संपर्क कर सकते हैं।

## वन विभाग उदासीन रोड किनारे 4 किलो मीटर की दूरी दोनों ओर लगाई आग पेड़ भी हुए नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

आरोन से महज 13 किलोमीटर दूर जंगलों में बीते कुछ दिनों से जानबूझकर आग लगाई जा रही है। इस घटना ने पर्यावरण प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों की चिंता बढ़ा दी है। जानकारी के अनुसार, इस आगजनी से सागवान (टीक) समेत कई अन्य बहुमूल्य पेड़-पौधों की जड़ें जल रही हैं, जिससे जैव विविधता को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि कुछ दबंग तत्वों द्वारा जंगल को साफ करके जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। पहले जंगल को आग लगाकर साफ



किया जा रहा है और फिर धीरे-धीरे पेड़ों को हटाकर जमीन को समतल किया जा रहा है। इस प्रक्रिया से न सिर्फ पर्यावरण को क्षति हो रही है, बल्कि वन्यजीवों का आवास भी खतरे में पड़ गया है। वन विभाग और प्रशासन को इस विषय में सूचित किया जा चुका है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने मिलकर इस मुद्दे पर विरोध जताया है और प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। यदि जल्द ही कोई कदम नहीं उठाया गया, तो यह न सिर्फ जंगलों के लिए विनाशकारी साबित होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

## निकाले पूरे जीने अब होगी अंदर की खुदाई

**आरोन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद आरोन टीम द्वारा सिरोज रोड पर प्राचीन नरसिंह बाबडी पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कार्य जन सहयोग से किया जा रहा है कार्य प्रारंभ के दिन बाबडी की एक भी सीढी दिखाई नही दे रही थी । धीरे धीरे अब 18 सीढी श्रमदानियो के सहयोग से निकल आई है अब आगे बीच के कुण्ड का गहरीकरण किया जायेगा जिससे बाबडी मे पानी आ जाये । साथ मे शहर बासियो से भी निवेदन है इसमे आगे से कचरा, पूजन सामग्री ना फेंक कर इसे साफ और स्वच्छ बाबडी बनी रहने देने मे सहयोग करे । श्रमदान मे अनुरोध सिह,मुकुल शर्मा, राघवेन्द्र शर्मा,महेश रघुवंशी,पंडाजी पवन नामदेव, शिवराज यादव, भैय्या लाल , सुनील सैन सम्मलित हुए।



### संक्षेप समाचार

## प्रोजेक्ट समृद्धि आजीविका मिशन का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**आरोन।** पिरामल फाउंडेशन और आजीविका मिशन के सयुक्त रूप से महिला समूह का एक दिवसीय ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। जिसमे प्रोजेक्ट समृद्धि के अंतर्गत ब्लॉक आरोन के समस्त ग्राम मे शाला त्यागी बालिका को स्कूल मे एडिमिसन और नियमित रूप से स्कूल जाने के लिए प्रेरित करना और छात्राओं और अधिक से अधिक बालिकाएं नियमित स्कूल मे एडिमिसन ले कोई बालिका स्कूल जाने से वंचित ना रहे जिसमे दस ग्राम से समूह की सचिव और ब्लॉक से ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर जिले से सेवाराम जी कुशवाह श्री उधम सिंह लोधी और सोनू सिंह उपस्थित रहे



## सिंदूर की कीमत और मोदी का वादा देश नहीं झुकने दूंगा

**आरोन।** जम्मू,कश्मीर,के,पहलगाम में 22 अप्रैल को,आतंकी हमला हुआ था, जिसमें 26 लोगों की जान गई थी। कई महिलाओं ने अपने सुहाग को इस हमले में खो दिया। हिंदू धर्म में सिंदूर का खास महत्व होता है इसी सिंदूर के महत्व और सुहागनों द्वारा सिंदूर से मांग भरती,है जिसे आतंकियों ने बेरहमी से उजाड़ने का दुस्साहस किया था। परंतु आतंकियों को क्या पता था कि भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भारत की 140 करोड़ जनता से वादा किया है कि मैं देश नहीं झुकने दूंगा ठीक उसी दिन से प्रधानमंत्री सहित भारत का एक-एक नागरिक प्रतिशोध की ज्वाला में झुलस रहा था भाजपा नेता समाजसेवी राम प्रकाश शर्मा पंडा ने ठीक वैसे ही बताते हुए कहा कि,भारत की कैबिनेट में चर्चा का विषय बना और जामवंत रूपी भारत के प्रधानमंत्री मोदी अंगद रूपी अमित शाह और हनुमान रूपी राजनाथ सिंह और सुग्रीव रूपी अजीत डोभाल नल नील रूपी भारत की तीनों सेनाओं के द्वारा अभियान को ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इस अवसर पर,नगर के समाज सेवी गणमान्य नागरिकों ने श्री दास हनुमान मंदिर पर फूल माला सिंदूर धवजा के साथ पहुंचकर हर हर महादेव जय जय सियाराम के जय घोष के साथ श्री हनुमान जी महाराज की श्री चरणों में कृतज्ञतापूर्वक भारत सरकार एवं सेना का आभार व्यक्त करते हुए बधाई और लड्डुओं का भोग लगाकर भारतीय सेना के शौर्य वीरता,की प्रशंसा करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर धन्यवाद ज्ञापित किया।



## कउमावि की छात्राओं ने शाला का किया नाम रोशन

**गुना।** महारानी लक्ष्मी बाई कन्या सुपर माध्यमिक विद्यालय की छात्रवाने साल का नाम रोशन किया है। शाला की पलक अहिरवार ने मेरिट लिष्ट मैं सेकंड स्थान प्राप्त किया, वहीं नंदनी बैरागी ने हाई स्कूल परीक्षा में 95% अंक प्राप्त कर शाला का नाम रोशन किया। इस सफलता के लिए साला परिवार की प्रिंसिपल मृदुल सक्सेना एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा छात्राओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया। एवं उनके पलकों का अभिनन्दन किया।




इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। एवं छात्राओं द्वारा इस सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## गली मोहल्लों में नियमित सफाई नहीं होने से नाले-नालियों का पानी सड़कों पर आया

हरिभूमि न्यूज ⏭चन्देरी

नगर के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था सही से नहीं हो रही है, जिसके कारण नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है। यही वजह है कि राहगीर कीचड़ वाले पानी में से गुजरने को मजबूर हैं, जिससे आना-जाना मुश्किल हो गया है। विभाग के जिम्मेदार अधिकारी वार्डों की सफाई समय पर नहीं करवाने के कारण इस समस्या को बढ़ाने में योगदान दे रहे हैं।



नालियों में जाम और कचरे का जमा होना भी पानी के बहाव में बाधा बन रहा है। वहीं, कुछ नागरिक अपने घरों का कचरा नालियों में फेंक देते हैं, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। नगर पालिका को चाहिए कि ऐसे लोगों पर कार्रवाई कर कचरे को नियमपूर्वक फेंकने का प्रावधान सुनिश्चित करें, ताकि नगर की सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके और सफाई से संबंधित समस्याओं का समाधान हो सके।

## अशोकनगर की बेटी ने जीता खेलो इंडिया में गोल्ड मेडल

अशोकनगर। अशोकननगर जिले की बेटी पूनम रघुवंशी ने दिल्ली में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में शॉटगन शूटिंग चैम्पियनशिप 2025 में हिस्सा लिया था उक्त प्रतियोगिता में पूनम ने गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम प्रदेश में रोशन किया है। पूनम रघुवंशी ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग की शूटिंग अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त किया अपनी मेहनत और लगन से कई खेलों में भी हिस्सा लिए अब इस प्रतियोगिता में पूनम की उपलब्धि पर कलेक्टर आदित्य सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन ने जिले का नाम रोशन करने और गोल्ड मेडल जीतने पर शुभकामनाएं दी हैं।




## एनपीके ग्रेडः उर्वरक संबंधी किसान चौपाल हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

जिले में किसान चौपाल आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को कृषि विभाग एवं कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा ग्राम बड़ागांव, धतुरिया, ढोडिया, नगउखेड़ी एवं जमाखेड़ी में कृषि वैज्ञानिकों के साथ किसान चौपाल आयोजित की गई।

उपस्थित कृषकगणों को संतुलित उर्वरक उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। विशेष रूप से एनपीके ग्रेड के उर्वरकों 12: 32: 16,16:16:16, एवं 20:20,:0:13 के उपयोग के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई। कृषि वैज्ञानिक डॉ. वीके जैन के द्वारा किसानों को बताया गया कि धान, मक्का, उड़द एवं सोयाबीन फसल के लिए एनपीके ग्रेड के उर्वरक डीएपी से ज्यादा बेहतर है क्योंकि डीएपी में मात्र दो ही तत्व पाए जाते हैं नाइट्रोजन और फास्फोरस जबकि एनपीके में तीन तत्व पाए जाते हैं नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश और इनका प्रयोग करने से मिट्टी की संरचना अच्छी होती है एवं फसल में कीड़े बीमारियां भी कम मात्रा में लगते हैं। फसल का दाना चमकदार एवं वजनदार होता है। जिससे



उपज के भाव भी अच्छे मिलते हैं। जिले में यूरिया 8500 में टन, एनपीके 5500 मीट्रिक टन एवं एसएसपी 5700 मीट्रिक टन उपलब्ध है। इस प्रकार से जिले में कुल 19700 मीट्रिक टन पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। किसान भाइयों से आग्रह की उपलब्ध खाद का अग्रिम भंडारण जरूर कर लें उप संचालक कृषि के एस कैन द्वारा किसानों को नरवाई प्रबंधन एवं मिट्टी परीक्षण करने की समझाइश दी गई। इस मौके वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मुकेश रघुवंशी, कृषि विस्तार अधिकारी हरिओम शिवहरे एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## ई-दक्ष केंद्र अशोकनगर में प्रशिक्षण आयोजित



अशोकनगर। ई-दक्ष केंद्र अशोकनगर में म. प्र. लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010,सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण पर क्षमता संवर्धन हेतु जिला स्तरीय एल-1 अधिकारियों का प्रशिक्षण ई-दक्ष केंद्र अशोकनगर में प्रदान किया गया। जिसमें मास्टर ट्रेनर पुष्पेन्द्र शर्मा एवं वरिष्ठ प्रशिक्षक ई-दक्ष केंद्र निरपाल सिंह पवार द्वारा विभिन्न विषय सीएम हेल्पलाइन पोर्टल,ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल, ग्रेडिंग सुधारने के महत्त्वपूर्ण शब्द का चयन, सीपीजीआरएएम कंप्लेंट का निराकरण एवं साइबर सिक्योरिटी पर विषय का विस्तृत प्रशिक्षण सम्बंधित अधिकारीयों को दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विभागों को आने वाली विभिन्न समस्याओं का समाधान लोक सेवा प्रबंधक श्री बी. एम. जकेले द्वारा किया गया।

## जांच में गबन की शिकायत सही पाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित प्रगति संकुल स्तरीय संगठन विक्रमपुर चंदेरी से राशि गबन की शिकायत प्राप्त होने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गठित दल से शिकायत की जांच करवाई गई। जिसमें म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखण्ड चंदेरी में पदस्थ कम्प्यूटर ऑपरेटर (आउटसोर्स) उमेश कुमार लोधी के द्वारा सम्वन्धित संकुल स्तरीय संगठन के अध्यक्ष/सचिव से खाली चेको पर हस्ताक्षर करवा कर स्वयं के नाम से राशि 140000 नगद आहरण कर ली गई है। साथ ही प्रगति संकुल स्तरीय संगठन से प्राथमिक महिला आजीविका बहुप्रयोजन सहकारी संगठन मर्यादित ग्राम संगठन विक्रमपुर के खाते में राशि हस्तांतरित करवाकर उमेश कुमार लोधी ने जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक शाखा चंदेरी से मिलकर राशि 889000 रूपये नकद आहरण एवं राशि 1050000 रूपये महेश कुमार लोधी के खाते में हस्तांतरण कर आहरित की गई है। कुल राशि 1939000 शासकीय राशि के गबन का प्रकरण प्रकाश में आया है। उपरोक्त शिकायत में जाँच दल द्वारा पाया गया कि प्रगति संकुल स्तरीय संगठन विक्रमपुर के अध्यक्ष चंदा आदिवासी एवं सचिव अर्चना शर्मा एवं प्राथमिक महिला आजीविका बहुप्रयोजन सहकारी संस्था विकमपुर के अध्यक्ष मीरा आदिवासी एवं कोषाध्यक्ष श्रीमति फूलावाई आदिवासी द्वारा उमेश कुमार लोधी के कहने पर खाली चेक पर हस्ताक्षर करवा कर, सहकारी बैंक की मिलीभगत से शासकीय राशि का गबन किया गया है। उक्त प्रकरण में पाये दोषियों के विरूद्ध एफआईआर की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

## मुंगावली में रात्रि चौपाल का किया आयोजन

अशोकनगर। म. प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड मुंगावली में जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मथाना में नदी में साफ-सफाई,जल संरक्षण की शपथ और पौधरोपण किया। ग्राम में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जिसमे विकासखंड समन्वयक द्वारा जल के संरक्षण के बारे में जानकारी दी। जिसमें प्रस्फूटन समिति के अध्यक्ष थानसिंह, मुकेश प्रजापति, समिति सदस्य बीएसडब्लू एवं बीएसडब्लू के छात्र उपस्थित थे।



## प्रतिबंधित हेतु जारी आदेश।

अशोकनगर। पंचायत सोनाखेडी के ग्राम ढिमरौली विकासखण्ड मुंगावली जिला अशोकनगर के ठहराव प्रस्ताव क्रमांक 01, 25 मार्च 2025 में पारित निर्णय अनुसार किस्ती घाट क्षेत्र को मछली शिकार एवं मछली उद्योग से प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। कार्यालय जनपद पंचायत मुंगावली जिला अशोकनगर के प्रतिवेदन में अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग मुंगावली एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुंगावली की संयुक्त प्रतिवदेन में उक्त स्थल पर मछली शिकार एवं मछली उद्योग पर प्रतिबंध लगाने का लेख किया गया था। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन द्वारा उक्त प्रतिवेदन एवं ग्राम सभा में पारित प्रस्ताव के आधार पर ग्राम पंचायत सोनाखेडी के ग्राम ढिमरौली जनपद पंचायत मुंगावली के किस्ती घाट क्षेत्र




## सहायक कोषालय अधिकारी ने सपत्नीक किया रक्त दान

अशोकनगर। कलेक्ट्रेट के जिला कोषालय कार्यालय में पदस्थ सहायक कोषालय अधिकारी अशोक राणा ने सपत्नीक वैवाहिक जीवन की 18वीं वर्षगांठ पर जरूरतमंदों व्यक्तियों के लिए रक्तदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रक्तदान करना पुण्य का कार्य है। रक्तदान से किसी के अमूल्य जीवन को बचाया जा सकता है। स्वस्थ्य शरीर के लिए रक्तदान अवश्य करें। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष वैवाहिक जीवन की वर्षगांठ पर सहपत्नीक रक्तदान करते है।

## सिविल डिफेंस को लेकर एसपी ने किया वॉलंटियर्स की बैठक का आयोजन

**अशोकनगर।** गुरूवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉफ्रेंस हॉल में विनीत कुमार जैन पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक जिला अशोकनगर के निर्देशन/अध्यक्षता में सिविल डिफेंस के संबंध में वालेंटियर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राघवेन्द्र शर्मा जिला सेनानी होमगार्ड अशोकनगर, नीरज सोनी, राजेन्द्र सूरी शिक्षा प्रसार समिति से एवं एसडीआरएफ टीम के 10 सदस्य तथा लगभग 25 नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवी सदस्य उपस्थित हुये। बैठक में वर्तमान में भारत पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के दृष्टिगत संभावित खतरों से नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में जिला सेनानी होमगार्ड अशोकनगर को प्रशिक्षण कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये तथा स्वयं सेवियों को रेस्क्यू किट उपलब्ध कराने हेतु बताया गया तथा स्वयंसेवियों को हर समय सतर्क रहने हेतु निर्देश दिये गये। वर्तमान में चल रही खबरों, परिस्थितियों से




हमेशा अवगत रहने एवं प्रशासन से समन्वय रखकर निर्देशानुसार कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला सेनानी होमगार्ड द्वारा स्वयंसेवियों को बताया गया कि अपने क्षेत्र की जानकारी रखते हुये नागरिक सुरक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें एवं आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय प्रशासन को अपनी जानकारी के अनुसार सहयोग करें साथ ही जनता को भी अपने बचाव के लिये जागरूक एवं प्रशिक्षित करने हेतु बताया गया।

## बे मौसम बारिश में नसैनी के सहारे खड़ा है खंभा

**चन्देरी।** एक महीने से खड़ा विद्युत खंभा नसैनी के सहारे झूल रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। राजघाट बांध कॉलोनी के सामने पिछोर रोड पर एक बिजली का खंभा पिछले एक माह से नसैनी के सहारे झूल रहा है। बारिश में सड़क पर होने वाली आवाजाही के बीच इस तरह का खतरा बनना गंभीर चिंता का विषय है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से सुबह-शाम बड़ी संख्या में लोग गुजरते हैं, खासकर रात में ही यह जर्जर खंभा दुर्घटना का बड़ा कारण बन सकता



है। हालांकि बिजली विभाग के अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। यदि तत्काल मुख्य जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं देते और समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी है। स्थानीय निवासियों ने समय रहते कार्रवाई की मांग की है ताकि हादसे से बचा जा सके।

**खबर संक्षेप**

### दो बाईक आपस में टकराईं

**अशोकनगर।** जिले की पिपरई थाने के अंतर्गत करतार उर्फ भूरा अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि तिलकराज निवासी मारोन ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक को टक्कर मार दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से रमेश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि करतार अहिरवार ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी।

### ब्राह्मण समाज पर अभद्र टिप्पणी करने पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली पुलिस ने बंधू शर्मा निवासी वार्ड क्र 11 की रिपोर्ट पर से सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के विरूद्ध टिप्पणी करने पर रश्मी रघुवंशी शिक्षिका के विरूद्ध धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गये हैं जिले पिपरई पुलिस ने नीतेश यादव निवासी भरियाखेड़ी के पास से 15 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार पिपरई पुलिस ने राजकुमार यादव निवासी ग्राम भरियाखेड़ी के पास से 20 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। पिपरई पुलिस ने ही आकाशा यादव निवासी ग्राम भरियाखेड़ी के पास से 12 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### घर में घुसकर कीमती सामान चोरी

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत वीरसिंह पुत्र श्यामलाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके घर में रात्रि के समय में कोई अज्ञात चोर सोने का मंगलसूत्र, 5 चांदी के कड़े,1 चांदी का कमरबंद गुछा,चांदी की बिछुरी और नगदी दस हजार रूपये मलावनी के घर से चोरी कर ले गया। फरियादी ने कल्ला रघुवंशी पर संदेह व्यक्त किया है।

### केन्द्रीय मंत्री सिंधिया रहेगें दो दिवसीय जिले के भ्रमण पर

**अशोकनगर।** केन्द्रीय दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 10 एवं 11 मई 2025 को दो दिवसीय अशोकनगर जिले के भ्रमण पर रहेगें। जारी कार्यक्रम के अनुसार सिंधिया 10 मई 2025 को सायं 06.45 बजे राजौरा महुआखेड़ा से प्रस्थान कर रात्रि 08.15 बजे हसारी आयेगें एवं रात्रि 08.45 बजे तक जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में भाग लेगें। रात्रि 08.45 बजे हसारी से प्रस्थान कर रात्रि 09.15 बजे हरकुण्डं चुंगी आयेगें एवं शोक संतृप्त परिवारों के घर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त करेगें। तत्पश्चात रात्रि 09.40 बजे किला कोठी चंदेरी पहुंचेगें एवं रात्रि विश्राम करेगें। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 11 मई 2025 को प्रातः 10.15 बजे किला कोठी से प्रस्थान कर प्रातः 10.30 बजे नया बस स्टेण्ड चंदेरी पहुंचेगे एवं विभिन्नि परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेगें। प्रातः 11.30 बजे बस स्टेवण्डि चंदेरी से प्रस्थान कर दोपहर 12.15 बजे ग्राम कालीटोर चंदेरी पहुंचेगें एवं ग्राम चैपाल में भाग लेगें। दोपहर 01.15 ग्राम कालीटोर से प्रस्थान कर दोपहर 01.45 बजे ईसागढ़ पहुंचेगें। दोहपर 01.45 बजे से दोपहर 03.30 बजे तक नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम एवं दोपहर 03.30 बजे से दोपहर 03.45 बजे तक स्था3नीय कार्यक्रम में भाग लेगें। तत्पश्चात ग्वालियर के लिए प्रस्थाान करेगें।

### 9 मई को विद्युत प्रदाय रहेगा बाधित

**अशोकनगर ।** मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहा.प्रबंधक उज्जवल बारंगे ने 09 मई 2025 दिन शुक्रवार को पुरानी कलेक्ट्रेट फीडर पर रखरखाव कार्य किया जायेगा। जिससे 11 केव्ही फीडर पुरानी कलेक्ट्रेट से आजाद मौहल्ला, बोहरे कॉलोनी, कृष्णा एवेन्यु क्षेत्र का विद्युत प्रदाया सुबह 8.30 से दोपहर 1.30 बजे तक बाधित रहेगा। विद्युत प्रदाय बंद या चालू करने का समय आवश्यकतानुसार घटाया-बढाया जा सकता है।

## मॉडल हायर सेकंड्री स्कूल ईसागढ़ का रहा 92.31 प्रतिशत

# जिले में एक मात्र भैंसरवास हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा पिछलों दिनों जो हाई स्कूल और हायर सेकेण्डी स्कूलों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया था उसमें जिले के 39 हाई स्कूलों में एक मात्र भैंसरवास हाई स्कूल ऐसा है जिसका परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। ग्रामीण अंचल के इस स्कूल ने जिले में परीक्षा परिणाम को लेकर पहले स्थान पर 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाकर सभी स्कूलों को पीछे छोड़ दिया है। जबकि जिले के 32 हायर सेकेण्डी स्कूलों में सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम मॉडल हायर सेकेण्डी स्कूल ईसागढ़ का रहा है । इस स्कूल का परीक्षा परिणाम 92.31 प्रतिशत जिले में सर्वश्रेष्ठ परिणाम के रूप में रहा।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जो शासकीय हाई स्कूल और हायर सेकेण्डी स्कूलों के परीक्षा परिणाम की सूची जारी की गई है उसमें हाई स्कूलों में 100 प्रतिशत परिणाम भैंसरवास का है यहां कुल 24 बच्चे शामिल हुए थे स्कूल के प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि 20 प्रथम श्रेणी में और चार द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इसके अलावा जिले के अन्य स्कूलों में मॉडल हाई स्कूल चंदेरी-98.72, हाई स्कूल बहादुरपुर-96.68 प्रतिशत, खिरियादेवत हाई स्कूल-96.43 प्रतिशत, करैयाराय हाई स्कूल-93.01 प्रतिशत , डुंगासरा हाई स्कूल-92.73 प्रतिशत, पारसौल हाई स्कूल-91.89 प्रतिशत, बडैरा हाई स्कूल-90.24 प्रतिशत, राजपुर हाई स्कूल-90.18 प्रतिशत, मॉडल हायर सेकेण्डी स्कूल ईसागढ90.14 प्रतिशत, हाई स्कूल विल्हेरू-




89.13 प्रतिशत, हाई स्कूल नईसराय-88.73 प्रतिशत, हाई स्कूल सोनेरा-88.24 प्रतिशत, एक्सीलेंस स्कूल अशोकनगर-88.07 प्रतिशत, कदवाया हाई स्कूल-87.76प्रतिशत, पाठखेड़ा हाई स्कूल-87.14 प्रतिशत, मॉडल स्कूल मुंगावली-86.89 प्रतिशत, हाई स्कूल अजलेश्वर-86.36 प्रतिशत, कन्या हाई स्कूल चंदेरी-86.18 प्रतिशत, बालक हाई स्कूल चंदेरी-85.71 प्रतिशत, बालक हाई स्कूल ईसागढ-85.71 प्रतिशत ., हाई स्कूल महुअन-84.21 प्रतिशत, हाई स्कूल मूडरा बहादुरा-83.78 प्रतिशत, हाई स्कूल मथनेर-82.61 प्रतिशत, हाई स्कूल छीपोन-82.5 प्रतिशत, हाई स्कूल थूवोनजी-82.43 प्रतिशत, हाई स्कूल हेरावल-81.44 प्रतिशत, मॉडल हाई स्कूल अशोकनगर-80.91 प्रतिशत,हाई स्कूल शाढौरा-80.56 प्रतिशत, हाई स्कूल महिदपुर-80.प्रतिशत, हाई स्कूल धुरा 80. प्रतिशत, हाई स्कूल कोहरवास-78.95 प्रतिशत, हाई स्कूल पिपरइ-78.62 प्रतिशत, हाई स्कूल तूमैन-78.57 प्रतिशत, हाई स्कूल नईसराय-78.26 प्रतिशत, हाई स्कूल गहौरा-78.26 प्रतिशत, हाई स्कूल बगुलिया-78.5 प्रतिशत, हाई स्कूल खजूरियाकला-77.42 प्रतिशत, और हाई स्कूल पिपरेसरा-76.47 प्रतिशत शामिल हैं।

### 32 हायर सेकंड्री स्कूलों का परीक्षा परिणाम यह रहा

इसी प्रकार जिले में हायर सेकेण्ड्री स्कूलों में सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम मॉडल हायर सेकेण्डी स्कूल ईसागढ़ का रहा है। यहां 91 छात्र-छात्राओं में से 75 प्रथम श्रेणी 9 द्वितीय श्रेणी में पास हुए हैं 7 छात्र फैल हुए हैं कुल 92.31 प्रतिशत रहा है। बालक हायर सेकेण्डी स्कूल मुंगावली-91.75 प्रतिशत, मॉडल हाई सेकेण्डी स्कूल-91.67 प्रतिशत, कन्या हायर सेकेण्डी स्कूल चंदेरी 90. प्रतिशत, मॉडल हायर सेकेण्डी स्कूल चंदेरी-90. प्रतिशत, हायर सेकेण्डी स्कूल नईसराय-84.65 प्रतिशत, हायर सेकेण्डी स्कूल शाढौरा-83.9 प्रतिशत, हायर सेकेण्डी स्कूल थूवोनजी-82.76 प्रतिशत, उत्कृष्ट विद्यालय अशोकनगर-82.7 प्रतिशत, झीला हायर सेकेण्डी स्कूल-81.82 प्रतिशत, पिपरई हायर सेकेण्डी स्कूल-79.53 प्रतिशत, बालक हायर सेकेण्डी स्कूल ईसागढ-79.14 प्रतिशत, कदवाया हायर सेकेण्डी-77.46 प्रतिशत, अथाईखेड़ा हायर सेकेण्डी स्कूल-75.86 प्रतिशत, बहादुरपुर हायर सेकेण्डी स्कूल-74.88 प्रतिशत, मॉडल हायर सेकेण्डी स्कूल अशोकनगर-74.42 प्रतिशत, हायर सेकेण्डी स्कूल मल्हारगढ़-72.44 प्रतिशत, कन्या हायर सेकेण्डी स्कूल मुंगावली-71.15 प्रतिशत, कन्या हायर सेकेण्डी स्कूल ईसागढ-70.45 प्रतिशत, हायर सेकेण्डी स्कूल महिदपुर-66.67 प्रतिशत, आरवीएस हायर सेकेण्डी स्कूल चंदेरी-66.54 प्रतिशत, कन्या हायर सेकेण्डी स्कूल अशोकनगर-64.6 प्रतिशत, नवीन हाई सेकेण्डी स्कूल कचनार-64.15 प्रतिशत, हायर सेकेण्डी स्कूल रांवसर-62.7 प्रतिशत ,हायर सेकेण्डी स्कूल नयापुरा-59.9 प्रतिशत, हायर सेकेण्डी स्कूल बमनावर-55.17 प्रतिशत, हायर सेकेण्डी स्कूल राजपुर-51.27 प्रतिशत, माधव हायर सेकेण्डी स्कूल सेहराइ-50.37 प्रतिशत, हायर सेकेण्डी स्कूल पारसौल-50.प्रतिशत, हायर सेकेण्डी स्कूल तूमैन-47.89 प्रतिशत, हायर सेकेण्डी स्कूल क्र01 अशोकनगर-47.1 प्रतिशत और हायर सेकेण्डी स्कूल बामौरी टांका-25.93 प्रतिशत का प्रतिशत रहा है।

*पुलिस पर एफआईआर दर्ज नहीं करने के आरोप*

# घर पर आकर प्रार्थी और परिवार के साथ की मारपीट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सुमित लोधी पुत्र सुल्तान सिंह निवासी ग्राम वम्मन खिरिया तह. मुंगावली जिला अशोकनगर म.प्र. का निवासी है सेहराई पुलिस द्वारा उसके साथ मारपीट होने के बाद भी मामला दर्ज नहीं किया गया है जिसे लेकर कार्यवाही की मांग की गई है। आवेदन में कहा गया है कि दिनांक 07/05/2025 को रात करीब 9:00 बजे कल्लू, सतृधन, लक्ष्मण, जैनसिंह, मनोज, राहुल कन्हैराम, नेहाल, सचिन, राजीव, गंदर्भ, आदि 40-50 लोग मेरे घर पर बन्दूक लेकर आये और गोली चलाने लगे एवं पत्थर फेंकने लगे और हमारे साथ मारपीट करने लगें जिसमें मेरे भाई पप्पू प्रार्थी कि मों एवं मेरे छोटे-छोटे बच्चों के साथ भी मारपीट जिसमें गंभीर चोट आई थी। मेरा विकलांग भाई को लात मार दी जिससे वह नाली में गिर और विष्णु विडियों बनाने लगा जिसके बाद उक्त आरोपियों ने पुलिस थाने से धरमेश दांगी मो. 6263150651 को वही पर बुला लिया जिसके बाद भी पुलिस ने कुछ कार्रवाई नही कि इसके बाद हम लोग रात को 1:30 बजे पुलिस थाना सहराई में रिपोर्ट दर्ज कराने गये तो हमारी रिपोर्ट दर्ज नही कि और मेरे भाई पप्पू जो कि वेहोश हालत में था उसके नाम पर रिपोर्ट दर्ज कर ली और जबरदस्ती अगूंठा लगवा लिया। उक्त लोंग बिना लाईसेन्सी बन्दूक लेकर आ जाते है वह अब कभी भी हमको जान से मार सकते है।

### लीनेश क्लब की महिलाओं ने गरीबों को मटके भेंट किए

**अशोकनगर।** लीनेश क्लब ने गांधी पार्क और स्टेशन रोड पर जाकर भीषण गर्मी में खड़े सब्जी वाले, ऑटो वाले, फल फ्रूट वाले, मनहारी वालों को , ठेला चलाने वालों को पचास मटके भेंट किए। मटकों को एक प्रतीक के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जो दान और करुणा के उम्मीद को दर्शाता है। घर का चूल्हा जल सके इसलिए कड़ी धूप में जलते हुए काम करते है और खुद की



परवाह न करते हुए अपने परिवार के लिए पैसा कमाने के लिए खड़े रहते है। इन दोनों स्थानों पर जाकर सभी को मटके वितरण के साथ ठंडा भी पिलाया गया । इस मौके पर अध्यक्ष डॉ रजनी शुक्ला के साथ सीमा अग्रवाल, अल्का अग्रवाल, विजया अग्रवाल, रश्मि जयपुरी, अरुणा अरोरा, संध्या अग्रवाल, पूजा अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं।

# रेडक्रॉस स्थापना दिवस पर अस्पताल में सफाई अभियान से की शुरुआत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भारतीय रेडक्रास सोसायटी के स्थापना दिवस पर आज शासकीय जिला अस्पताल में स्वच्छता अभियान के साथ रेडक्रास सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया इस दौरान रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डॉ दीपक मिश्रा ने बताया कि स्वच्छता के साथ जीवन में सुचिता का होना भी जरूरी है स्वस्थ रहने के लिए स्वस्छ रहना भी आवश्यक है हम सब अपने आस पास ही साफ सफाई रखे और लोगों को सफाई के लिए प्रेरित करेंगे तो स्वस्थ भी रहेंगे और अपने आप को सुखी भी रख सकते ।

### कल होगा स्वस्थ परिक्षण शिविर का आयोजन

इस दौरान विपिन सिंघई ने कहा कि कल वृद्धा आश्रम पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा जिला कलेक्टर आदित्य सिंह के मुख्य आतिथ्य में स्वास्थ परिक्षण शिविर का आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः नो बजे होगा इसके वाद फल वितरण व अन्य कार्यक्रम किये जायेंगे सफाई अभियान में संजय रघुवंशी, राजीव जाट रामकुमार चैधरी, हरवंश जूनेजा, विकास जैन बल्ली वेदराम लोधी अशोक शर्मा महेश शमार, बालचंद नरवरिया, डॉ राजकुमार शर्मा, डॉक्टर आनंद मोहन दुबे, रामकुमार ओझा आदि प्रमुख जनो ने अपनी सेवाएं दी

### रेडक्रास बिना भेदभाव के विश्व भर में सेवाएं दे रही है

इसके पहले रेडक्रास सोसायटी के स्थापना दिवस पर जैन समाज के मंत्री विजय जैन धुर्रा ने कहा कि रेडक्रास एक ऐसी सेवा भावी संस्था है जो पूरे विश्व ने विना किसी भेदभाव के सेवा कार्य में लगीं हुई है आपात स्थिति में सेवा का सबसे पहले मौका रेडक्रास को ही मिलता है रेडक्रास के कार्यकर्ता हर स्थिति में समर्पित भाव से काम करने के लिए तैयार रहते हैं यही विशेषता इसको अन्य संस्थाओं से अलग बनाती है आज सेवा सप्ताह में स्वक्षता के लिए काम कर बहुत अच्छा लगा डॉ जय मंडल यादव ने कहा कि हम आज स्थापना दिवस से सेवा सप्ताह को प्रारंभ कर रहे हैं प्रति दिन कुछ नया करने के संकल्प के साथ डा हरवीर सिंह रधुवंशी ने कहा कि हम रेडक्रास से नये नये सेवा भावी साथियों को जोड़ेंगे।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दियाधरी निवासी प्रीति लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नीता लोधी,अंकेश लोधी और उजागर लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी । इसी घटना में दूसर पक्ष की ओर से वीर सिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अरविंद, सिग्राम, अनंत कमलेशबाई और स्वार्थीबाई लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मसीदपुर निवासी वंटी रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रानू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी । जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तिघरा निवासी आशाष जाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जितेन्द्र,शिवराम जाट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के मुंगावली अंतर्गत निवासी रजनी यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नरेन्द्र सिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी । जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुकरेठा निवासी अंशपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जगराम यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी ।

# कलेक्टर ने जिले को जल अभावग्रस्त घोषित करने हेतु आदेश किया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

वर्तमान में एवं आगामी ग्रीष्म ऋतु में जनता के लिए पीने के पानी एवं निस्तार की आवश्यकता पूर्ति के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाना है। जिले की समस्त तहसीलों के कुओं एवं नलकूपों का जल स्तर नीचे चले जाने के कारण पेयजल एवं निस्तार हेतु जल आरक्षित रखने के कारण नलकूप खनन का प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया जाना आवश्यक हो गया है। उपरोक्त स्थिति में यह उचित होगा कि सम्पूर्ण अशोकनगर जिले को मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 3 के अंतर्गत जल अभावग्रस्त घोषित किया जाये। कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा सम्पूर्ण अशोकनगर जिले को जल अभावग्रस्त घोषित हेतु म०प्र० पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 संशोधन 2022 के तहत आदेश जारी किया गया है।

सम्पूर्ण अशोकनगर जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किये जाने का आशय यह होगा कि इस कार्यालय की अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति किसी जलस्त्रोत यथा नदी, बंधान, जलधारा, जलाशय बंधान आदि से सिंचाई या अन्य औद्योगिक प्रयोजन हेतु उपयोग नहीं कर सकेगा। जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किये जाने का आशय यह भी होगा कि कलेक्टर या इस संबंध में प्राधिकृत अन्य अधिकारी की अनुज्ञा के बिना कोई भी निजी नलकूप खनन नहीं किया जायेगा।जिले के सतही जल स्त्रोत नदी/नाले के डाउन स्टीम में सतह के नीचे भूमिगत बहाव रोकने,कलेक्टिंग पाईप/रेडियल कलेक्टर बेल का उपयोग कर जल का उपयोग नहीं किया जायेगा।

जिले के पेयजल स्त्रोतों में कुल आवश्यक जल क्षमता के विरूद्ध उपलब्ध जल क्षमता कम है। जिले के पेयजल स्त्रोतों से सिंचाई के प्रयोजन के लिए जल के उपयोग पर प्रतिबन्ध लागू होगा। जिले में नदी नालों पर संचालित उद्वहन योजनाओं में पानी की उपलब्धता के आधार पर संबंधित ग्राम पंचायत व जल उपभोक्ता संस्था की अनुशंसा और जल संसाधन विभाग के प्रतिवेदन के आधार पर इस कार्यालय द्वारा सिंचाई की अनुमति दी जायेगी। जिन नदी, नालो में पानी नहीं बह रहा है, वहाँ नदी/नालों में रूके हुए पानी के लिए कोई अनुमति नहीं दी जावेगी।

केंद्रीय शासन एवं उनके उपक्रमों और राज्य शासन के विभागों व उनके उपक्रमों को नलकूप खनन की छूट इस शर्त पर दी जाती है, कि जिस स्थान पर नलकूप खनन किया जा रहा है, वह मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 6 के अनुसार व्यतिकरण परिक्षेत्र में नही आता हो, अर्थात उस स्थल के 100 मीटर के भीतर कोई ऐसा नलकूप न हो जिस पर सार्वजनिक जल प्रदाय व्यवस्था आधारित हो। उक्त शर्त के पालन की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। उपरोक्त अपवादों के अतिरिक्त अशोकनगर जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किया जाता है।उक्तानुसार निर्धारित क्षेत्रों में नदी/बांधों/नहरों/जलाशयों/बंधानों से घरेलू प्रयोजन के अतिरिक्त किसी अन्य प्रयोजन के लिए पानी का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। यदि कोई व्यक्ति आदेश का उल्लंघन कर नलकूप खनन करता है तो वह अधिनियम की धारा 9 के अंतर्गत प्रथम अपराध के लिए 5000/-रू० के जुर्माने से और पश्चातवर्ती प्रत्येक अपराध के लिए 10000/-रू० के जुर्माने से या कारावास से जो 02 वर्ष तक को हो सकेगा दण्डनीय होगा।

# छात्रों ने एसबीआई आरसेटी ट्रेनिंग सेंटर का किया भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत एमएसडब्यूई आ /बीएसडब्लहयू के छात्रों ने अतिरिक्त कक्षा के रूप में अध्ययन भ्रमण कर एसबीआई आरसेटी ट्रेनिंग सेंटर अशोकनगर भ्रमण किया। जिसमें राजाराम वर्मा निदेशक, समस्त स्टाफ जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक अनीता जाटव, विकासखंड समन्वयक मनोज यादव, परामर्शदाता रचना गुप्ता, मोहन कुशवाह, जगदीश केवट, बलवीर यादव, सहित सीएमसीएलडीपी छात्र उपस्थित रहे है। वर्मा ने एसबीआई आरसेटी सेंटर में संचालित होने वाले स्वरोजगार प्रशिक्षण कोर्स के बारे में बताया। उन्होंने सिलाई मशीन, डेयरी फॉर्मिंग, फूड प्रसंस्करण, कंप्यूटर कोर्स एवं डिजिटल फ्रॉड से बचने के उपाय बताए। ये सभी कोर्स की ट्रेनिंग पूर्णतः निःशुल्क है। अनीता जाटव ने विभाग की सभी योजनाओं से अवगत कराया एवं जल गंगा संवर्धन अभियान द्वारा जनभागीदारी का अभियान हैं। मनोज यादव ने जल संरक्षित करने के उद्देश्य जल शपथ दिलाई एवं छात्रों ने स्वरोजगार कोर्स को प्रशिक्षण केंद्र में भ्रमण कर बारीकियों से समझा।

*घर-घर जाकर बनाए जाएं आयुष्मान और संबल कार्ड*

# नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने ली वार्ड प्रभारियों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने गुरुवार को नगर के 22 वार्डों के 44 वार्ड प्रभारियों की बैठक लेकर विभिन्न शासकीय योजनाओं की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने विशेष रूप से संबल योजना और आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि सभी प्रभारी अपने-अपने वार्डों में घर-घर जाकर पात्र हितग्राहियों की पहचान करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। मानोरिया ने कहा कि इन योजनाओं का लाभ केवल उन्हीं लोगों को मिलना चाहिए, जो वास्तव में इसके हकदार हैं। उन्होंने सभी प्रभारियों से फील्ड में जाकर सक्रियता से कार्य करने की अपील की और यह स्पष्ट किया कि उनके कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाएगी।



### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिलेगा सम्मान

अध्यक्ष मानोरिया ने यह भी घोषणा की कि जो वार्ड प्रभारी अपने क्षेत्र में सम्बल और आयुष्मान कार्ड मै उत्तम कार्य करेंगे, उन्हें नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी प्रभारियों से ईमानदारी, जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए कहा।

### अनावश्यक खुदाई पर जताई नाराज़गी

नगर में फेरूल चेकिंग के नाम पर की जा रही अनावश्यक खुदाई की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष ने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में गड्ढा खुदा हुआ मिले, तो उसकी तुरंत सूचना नगर पालिका को दी जाए। इससे समय पर कार्रवाई की जा सकेगी और नागरिकों को असुविधा से बचाया जा सकेगा।

# पलकटोरी में नदी गहरीकरण के लिए जल चौपाल आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन 30 जून 2025 तक किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को जनपद पंचायत अशोकनगर की ग्राम पंचायत आवरी माफी में ग्राम पलकटोरी में नदी गहरीकरण के लिए जल चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें नदी का गहरीकरण जन भागीदारी से किया जाएगा। प्राचीन नदी पलकटोरी जो विलुप्त हो चुकी है उसी को पुनर्जीवित करने के लिए नदी का गहरीकरण जन सहयोग के माध्यम से 09 मई 2025 से किया जायेगा। इससे पहले हमारी भारतीय संस्कृति अनुसार कलश यात्रा एवं पूजन अर्चना के बाद गहरीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा। इस चैपाल में उपस्थित मप्र जन अभियान परिषद जिला समन्वयक अनिता जाटव, विकासखंड समन्वयक मनोज यादव, विजय बैरागी, नवांकुर संस्था उन्नति जन कल्याण सेवा समिति से सुनील कुमार सेन, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पलकटोरी से शंभू सिंह, प्रहलाद सिंह कुशवाह, जयसिंह, हरवीर वैरागी, समिति, गुलाब सिंह कुशवाह, सिंह सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### लोगों ने लगाया जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से सांठगांठ का आरोप

# अटैचमेंट के खेल में बिगड़ गई माचलपुर स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

नगर के स्वस्थ केंद्र में शासन के आदेशों की अनदेखी करते हुये पदस्थ डॉक्टरों को अटैच कर व्यवस्था को बिगड़ने में तुला हुआ है स्वास्थ्य विभाग। अजीब हालत है नगर की स्वास्थ्य सेवाओं पर वर्षों से ग्रहण लगा वह हटने का नाम नहीं ले रहा जब भी कुछ व्यवस्थाओं में सुधार होने लगता फिर बिगाड़ दिया जाता है! उदाहरण नगर के स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर पायल पाटीदार जो कि एक मात्र महिला चिकित्सक थी जिनसे महिला संबंधी बीमारियो में क्षेत्र के लोगों को सुविधाएं मिल रही थी उनके द्वारा माचलपुर स्वास्थ केंद्र से अपने साथ हुई डाक्टर द्वारा बदतमीजी की शिकायत उच्च अधिकारियों से करने पर पर राजगढ़ अटैच कर दिया जो की नगर की व्यवस्था को बिगाड़ने का प्रयास है। जबकि नगर में कई वर्षों से गोघटपुर में पदस्थ डॉक्टर भरत शाक्य को माचलपुर अटैच कर नियम विरुद्ध वित्तीय प्रभार तक दे रखा है जबकि माचलपुर ही पदस्थ डाक्टर अमर सिंह धार्वे को माचलपुर में हुवे शिव मालाकार की मृत्यु वाले प्रकरण में राजगढ़ अटैच किया गया था वहा से महिला की मृत्यु होने पर गोघटपुर अटैच कर दिया गया जबकि माचलपुर प्रकरण में दोषी गोघटपुर पदस्थ संविदा डाक्टर भरतलाल शाक्य को माचलपुर अटैच कर रखा है जबकि सच्चाई यह है कि अब डॉ को खुजनेर में सेवाएं देना पड रही है। जबकि नियमानुसार यह गलत है। नगर वा क्षेत्र के नागरिकों ने भी इस बात को लेकर सोशल मीडिया पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की जमकर खिंचाई कर गंभीर आरोप लगाए है पर शायद जिम्मेदारों को इस बात से और यहां के नागरिकों से वर्तमान में कोई लेना देना है। क्या जिले के स्वास्थ्य विभाग में अटैचमेंट का खेल जारी रहेगा।




#### इनका कहना है..

हमारे बीच ऐसा कुछ नहीं हुआ है। पता नही यह क्या चल रहा है।

**डॉक्टर भरतलाल शाक्य, प्रभारी माचलपुर स्वास्थ केंद्र**

डाक्टर पायल और भरत शाक्य के बीच कुछ विवाद हुआ था जिसका निराकरण कलेक्टर साहब के सामने हो गया है! अटैचमैंट की बात है उसने भी डिमांड करी थी और हमने भी कहा तो वह राजी हो गई रही बात माचलपुर की व्यवस्थाओं की हमारे पास जेसे ही डाक्टर आयेगी हम उसे वापस कर देंगे

**डॉ. किरण वाडिवा जिला स्वास्थ एवम चिकिसा अधिकारी राजगढ़**

माचलपुर के डाक्टर को गोघटपुर करना गोघटपुर डाक्टर माचलपुर करना यह भी गलत है! डाक्टर पायल की बात है तो उनका अटैचमेंट में आज कल में खत्म करवा दूंगा।

**हजारीलाल दांगी, विधायक खिलचीपुर विधानसभा**

# फर्जी नियुक्ति पत्र देने के मामले में 2 युवकों पर दर्ज की एफआईआर

### 12 युवकों से पैसे लेकर जारी किए थे नियुक्ति पत्र



31 मार्च को हो चुका है कंपनी का टेंडर खत्म

**बेरोजगारों को दिए फर्जी नियुक्ति पत्र, थाने में की शिकायत**

**सिग्मा इन्फोटेक कंपनी के नाम से किया फर्जीवाड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बेरोजगार युवाओं को तरह-तरह के प्रलोभन देकर उन्हें ठगने के मामले जिले में नए नहीं है। ताजा मामले में सिग्मा इन्फोटेक कंपनी के नाम से एक युवक द्वारा बेरोजगारों युवकों को झांसे में लेकर उन्हें जिला अस्पताल में सपोर्टिंग स्टाफ के रूप में नौकरी देने के नियुक्ति पत्र जारी कर दिए। मामला तब उजागर हुआ जब कुछ युवक नियुक्ति पत्र लेकर सिविल सर्जन दफ्तर पहुंचे जहां मालूम हुआ कि विभाग ने ऐसे कोई पत्र जारी ही नहीं किए हैं।

**सीएस के फर्जी हस्ताक्षर से जारी किए नियुक्ति पत्र**

सिग्मा इन्फोटेक कंपनी भोपाल के द्वारा कोतवाली राजगढ़ में की गई लिखित शिकायत के अनुसार कालाखेत निवासी भूपेंद्र संजोदिया नाम के युवक ने सिग्मा कंपनी के नाम का दुरुपयोग कर बेरोजगार युवाओं को नियुक्ति देने के नाम पर पैसे ऐंठ लिए। उधर, सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा भी इस बारे में पुलिस अधीक्षक को एक षिकायती पत्र भेजा गया है। इस पत्र में सिविल सर्जन के कूट रचित हस्ताक्षर करते हुए नियुक्ति आदेष दिए जाने का उल्लेख किया गया है। पत्र में यह भी उल्लेख है कि इन फर्जी नियुक्तियों का सिविल सर्जन कार्यालय से कोई संबंध नहीं है। बहरहाल, पूरे मामले में पुलिस की जांच जारी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विगत दिवस सिग्मा इन्फोटेक कंपनी के नाम पर सिविल सर्जन कार्यालय से बेरोजगार युवकों को फर्जी नियुक्ति पत्र जारी करने का मामला सामने आया था। राजगढ़, ब्यावरा और सारंगपुर के 12 युवकों से हजारों रुपए लेकर यह फर्जीवाड़ा करने वाले दो युवकों पर कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

उल्लेखनीय है कि सिग्मा इन्फोटेक कंपनी द्वारा स्वयं इस मामले में कोतवाली थाने में आवेदन देकर उनकी कंपनी के नाम से फर्जी पत्र जारी करने के संबंध में शिकायत की गई थी। पुलिस की जांच में सामने आया कि राकेश राजपूत और भूपेंद्र नाम के युवकों ने साजिश के तहत उक्त अपराध कारित किया है। मामले में पुलिस ने दोनों युवकों पर धारा 420, 467, 468, 471 और 120-बी के तहत अपराध कायम किया है। इस मामले में अस्पताल के ही कुछ और कर्मचारियों की संलिप्तता भी सामने आ रही है। पुलिस द्वारा उन्हें नोटिस भेजा गया है।

#### क्या था पूरा मामला

सिग्मा इन्फोटेक कंपनी भोपाल ने कालाखेत निवासी भूपेंद्र संजोदिया नाम के युवक पर आरोप लगाया था कि उसने कंपनी के नाम का दुरुपयोग कर बेरोजगार युवाओं को नियुक्ति देने के नाम पर पैसे ऐंठ लिए। इसके साथ ही सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा भी इस बारे में एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में सिविल सर्जन के कूट रचित हस्ताक्षर करते हुए नियुक्ति आदेश दिए जाने का उल्लेख किया गया था। पुलिस ने पूरे मामले की जब सिरे से पड़ताल की तो उसमें भूपेंद्र के साथ ही राहुल का नाम भी सामने आया था।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से घुसी कार, एक की मौत, दो गंभीर घायल

**जीरापुर।** नगर के माचलपुर रोड पर भीषण सड़क हादसा एक की मौत पर मोती। माचलपुर की ओर से तेज गति से आ रही कार ब्रिज के आगे माचलपुर रोड स्थित कृष्णा ढाबा के पास आगे चल रहे प्याज के कट्टों से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा घुसी। कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें एक युवक की मौत हो गई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लसुडल्या (थाना माचलपुर )गांव से तीन युवक एक कार में सवार होकर जीरापुर आ रहे थे तभी ब्रिज के आगे कृष्णा ढाबा के पास कार बेकाबू होकर प्याज से भरे मैसेज ट्रैक्टर में जा घुसी। जिसमें एक युवक भेरू सिंह पिता सज्जन सिंह जाति सोंधिया उम्र 25 साल निवासी लसुडल्या थाना माचलपुर की मौके पर ही मौत हो गई। नरेंद्र पिता हेमसिंह सोंधिया उम्र 30 साल निवासी चिलावद, प्रताप सिंह पिता कमल सिंह सोंधिया उम्र 26 साल निवासी लसुडल्या गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें जीरापुर सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बाहर रेफर किया गया। मृतक को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। ट्रैक्टर ट्रॉली एवं कार लसुडल्या थाना माचलपुर की बताई जा रही है।

ऑपरेशन सिंदूर से उत्साहित वकीलों ने बांटी मिठाइयां

# वकीलों का संकल्प- कभी किसी आतंकी का केस नहीं लड़ेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आतंकवादियों के हाथों पहलगाम हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों का बदला लेने भारत द्वारा शुरू की गई जवाबी कार्रवाई से पूरा देश उत्साहित है। विभिन्न संगठनों द्वारा कहीं मिठाईयां बांटकर तो कहीं आतिषबाजी करते हुए भारत की इस जवाबी कार्रवाई का पुरजोर समर्थन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ऑपरेशन सिन्दूर से उत्साहित जिला न्यायालय की बार एसोसिएशन के समस्त वकीलों ने गुरुवार को न्यायालय परिसर में एक-दूसरे मिठाईयां खिलाकर जश्न मनाया। इस अवसर पर सभी वकीलों ने संकल्प लिया कि वे किसी भी प्रकार के आंतकी हमले या केस में लिप्त अपराधी का केस नहीं लड़ेंगे। अभिभाषक एहतिशाम हसन सिद्धकी ने देश के समस्त अभिभावकों से अपील की है कि भविष्य में कोई भी अभिभाषक आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्ति की पैरहवी न करे। इस अवसर पर जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष अविनाश दशेहरिया, आफताब जीमल खान, अमित व्यास, मनोज व्यास, मनोज गुर्जर, लाड़सिंह जायसवाल, सचिव आलोक श्रीवास्तव, श्रीमती सोनिया दशेहरिया, एमएल जांगड़े, पीएस पंवार, पीसी शर्मा, प्रभा शर्मा, जेपी शर्मा, सचिन दुबे, नवनीत किशोर, रिषिराज शर्मा, कृष्णा पंचोली, अर्जुन टेलर, राकेश गौड़, हेमराज अहिरवार, हीरालाल जांगड़े, मोहम्मद सिद्धकी, हैदर अली, कल्पना शर्मा, अशोक जाट, रमेशचंद्र धाकड़ सहित अन्य एडवोकेट उपस्थित रहे।

# मोहिनी एकादशी पर खाटूश्याम पर रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**ब्यावरा।** नगर के अरनिया पुल के पास स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में मोहिनी एकादशी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। मंदिर प्रबंधन ने बाबा का श्रृंगार पीतांबरी फूलों से किया। मंदिर परिसर को भी विशेष रूप से सजाया गया। सुबह की आरती से ही भक्तों का आगमन शुरू हो गया। दोपहर और संध्या आरती में भी श्रद्धालुओं की अच्छी संख्या रही। शहर के साथ-साथ आसपास के गांवों और जिले भर से लोग दर्शन के लिए पहुंचे। स्थानीय काली माता मंदिर पिंजारा गली से खाटू श्याम मंदिर तक निशान यात्रा निकाली गई। कई भक्त निशान लेकर बाबा के दरबार में पहुंचे। इस मंदिर में हर एकादशी को भक्तों की भीड़ उमड़ती है। जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। मंदिर में परंपरागत रूप से एकादशी पर विशेष श्रृंगार और पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाता है। वैशाख मास में एकादशी उपवास का विशेष महत्व है, मोहिनी एकादशी व्रत से मन और शरीर दोनों ही संतुलित रहते हैं. गंभीर रोगों से रक्षा होती है और खूब नाम, यश मिलता है. इस एकादशी के उपवास से मोह के बंधन नष्ट हो जाते हैं , इसलिए इसे मोहिनी एकादशी कहते हैं. भावनाओं और मोह से मुक्ति की इच्छा रखने वालों के लिए वैशाख की एकादशी विशेष महत्वपूर्ण है. मोहिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु के राम स्वरूप की उपासना की जाती है।

# ई-केवायसी में लापरवाही पर माचलपुर सीएमओ की वेतनवृद्धि रोकी

### जिले में अभियान के रूप में चल रहा है यह कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




कलेक्टेर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभागार में समग्र ई-केवायसी कार्य के संबंध में नगरीय निकायों की सीएमओ की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में ई-केवायसी कार्य में अपेक्षित प्रगति में कमी होने पाए जाने पर माचलपुर नगर परिषद सीएमओ की 1 वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए हें। इसके साथ ही सारंगपुर नगर पालिका में वार्ड प्रभारी द्वारा प्रोग्रेस न होने पर 15 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर ने सभी नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि 3 दिवस में ई-केवायसी में प्रोग्रेस न होने पर संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मनक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आंगनवाडियों में आने वाले बच्चों का आंगनवाडी कार्यकर्ताओं से समन्वय कर आधार कार्ड बनवाने के भी निर्देश भी दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टार सुश्री निधि भारद्वाज, जिला शहरी विकास अभिकरण के सहायक परियोजना अधिकारी श्री आर.एस. साहू उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि समग्र आईडी को आधार से लिंक करने का काम इन दिनों प्रशासन ने एक अभियान के रूप में चला रहा है ताकि शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले रहे अपात्रजनों के नाम स्वतः ही कट जाएं।

**मानस स्कूल, सरदार पटेल विवेकानंद अकादमी, एमटीएम के विद्यार्थी रहे अव्वल, शत-प्रतिशत तक रहा बोर्ड परीक्षा परीणाम**

# जिले की प्रावीण्य सूची में ब्यावरा के स्कूल रहे अव्वल, प्रदेश से लेकर जिले में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विगत दिनों मध्यप्रदेश शिक्षा बोर्ड ने 10 व 12 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए जिनमें जिले के विद्यार्थियों ने प्रदेश से लेकर जिले में अपना नाम रोशन किया। ब्यावरा के स्कूलों में मानस, सरदार पटेल एमटीएम जैसे स्कूलों के विद्यार्थियों ने भी जिले मे अपना व अ संस्थान व अभिभावकों को गौरवान्वित किया है।










### मानस हायर सेकंडरी लगातार रच रहा इतिहास

पूर्व बोर्ड परीक्षा परिणामों के तरह ही इस बार भी मानस हायर सेकेंडी स्कूल ने एमपी बोर्ड 10 व 12 में पहले की ही तरह परिणाम दोहराए हैं। प्रदेश सहित जिले में अव्वल रहे विद्यार्थीयों को स्कूल संचालय महेश अग्रवाल एवं प्राचार्य आर एस राजपूत सहित समस्त स्टॉफ ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

#### 12वीं में जिला टॉपर

मनीषा गुर्जर 477/500,उमा सेन 473/500,आशीष कारपेंटर 477/500, आदित्य विरथरे 476/500, सुमित नागर 474/500,शीतल कुशवाह 474/500, आरती यादव 474/500, प्रियांशी चंद्रावत 475/500,मानसी गुप्ता 469/500 और रेनुका सिसोदिया 446/500।

#### 10वी में जिला टॉपर

छात्रा तर्निषा सोनी ने 96.4,सोनाली राजपूत 95, सुमित मेहरा 95, अर्जुन दांगी 94.6, दिलीप भिलाल 94.6,कृष्णा यादव 94.6,अनुराग यादव 94.2,माधुरी चौहान 92.6, प्रियांशी यादव 92.4, अभिषेग यादव, 92.4 रितेश लववंशी, 92,भूमिका शर्मा, 91.2, अतुल यादव 91, निवेदिका बघेल 91,आर्यन भाटी 90.8, सलोनी गौड 90.2,ज्योति नागर 90,कमलेन्द्र प्रताप सिंह 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

### 12वीं में 57 तो 10 में 27 ने फहराया सरदार पटेल स्कूल का परचम

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा 2025 कक्षा 10वीं तथा 12वीं का सरदार पटेल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल ब्यावरा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा । कक्षा 10 वीं में 27 बच्चों द्वारा प्रथम श्रेणी तथा कक्षा 12वीं में 57 बच्चों द्वारा प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण की गई। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय संचालन समिति अध्यक्षा सुधादेवी सिंह यादव, विद्यालय संचालक कमल आलोक प्रसाद, विद्यालय प्राचार्या लतेश प्रसाद एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई संदेश प्रेषित किया एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

#### 12वी के टॉपर

तानिया अग्रवाल 92.0 प्रतिशत,पार्थ शर्मा 90.0 ,माही प्रसाद 86.2, सुमित शिवहरे 85.6 ,विनय लश्करी 84.6, रिया चौहान 83.2, सार्थक तिवारी 82.4, अब्दुल राजाक, 82.0, महेंद्र पाल राठौर 80.8, स्मिता यादव 80.0, पृथ्वी कमल प्रसाद 80.0, कान्हा मीना 78.8, राखी यादव 77.8 , अवनिल सक्सेना 77.0,धर्मेंद्र 75.6 , वशाखा विश्वकर्मा 75.2 ,शीतल पवार 73.4 ,अनुष्का शाक्यवार 72.8 ,सलोनी खरोड 72.2 , विशाल कुशवाह 72.0,प्रियांश नागर 71.8 कृष्णा सोलंकी 71.8 ,फैजान खान 71.6, साधना यादव 71.6 ,मनीष जाट 71.4 , ऋषिका शर्मा 71.4 तनीषा सेन 70.2 प्रतिशत, हर्षिता दाँगी 70.8 , जितेंद्र भिलाला 70.2 ,वन्दना यादव 69.8 , राजदीप 69.6 प्रतिशत, परी साहू 69.4 यश नावरिया 69.4 ,विकास यादव 68.8 , रामसागर पवार 68.2, विशाल लववंशी 67.2 , शिवानी यादव 67.0, अलीना कुरैशी 66.8 , चैतन्यराज बैरागी 66.8 अंकित मीना 66.6 , विशाल गौर 65.8 प्रतिशत, योगेश यादव 65.6 प्रतिशत, यशिका पालीवाल 65.0 प्रतिशत, पृथ्वी राज केलवा 65.0 ,जीवन सोंधिया 64.6 प्रतिशत, स्नेहा परिहार 64.6 , अर्पित यादव 64.0, देवऋषि चैहान 63.8 प्रतिशत, प्रदीप दाँगी 63.8 %, जगदीश सोंधिया 63.4 %, अनमोल लववंशी 63.0 प्रतिशत, तनिष्क प्रताप सिंह 62.6 प्रतिशत, इकरा रंगरेज 62.2 %, महक शिवहरे 61.8 %, दिव्यांश यादव 61.0 %, कार्तिक दवे 61.0 %, नीरज भिलाला 60.0 %।

#### 10वीं टॉपर

पायल साहू 96.2 %, मुकुल पराशर 91.2 ,चंदन लोधा 84.4 ,कोमल कुशवाह 81.8 ,राघ्वेंद्र मालवीय 81.6 %, रवीना दांगी 81,शीतल दांगी 81 ,शिवम यादव 80.2 , राघव नाथ 78.8 ,शेली गढ़वाल 77 ,सीमा दांगी 77 ,यशस्वी दांगी 76.2 ,रितेश राव 74 ,शिवानी सोंधिया 70 बबली सोंधिया 68.8 ,अग्रिम सिंह राजपूत 66.8 गौतम वर्मा 66.8 ,रक्षा यादव 66.2 .इकरा बी 65.8 कुलदीप मेहर 65.2 सुमित सोंधिया 64 प्रतिशत, आशीष यादव 63.8 ,हर्ष राज सिंह परमार 63.8,.सन्जना यादव 62 .8 ,ज्योती सेन 60.8%, ब्रजमोहन 60.8 ,सुदिती मेवाडे 60 प्रतिशत रहा।

### एमटीएम के विद्यार्थियों ने दोहराया बोर्ड परीक्षा परिणाम




कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम में ब्यावरा नगर के प्रतिष्ठित संस्था एम. टी. एम. कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा राशी गुप्ता ने कक्षा 12वीं मैथ्स ग्रुप में 93.2प्रतिशत, छात्रा कुमकुम यादव (बायोलॉजी ग्रुप) में 80.4 प्रतिशत तथा छात्रा चंचल यादव कॉमर्स ग्रुप में 84.4 प्रतिशत तथा कक्षा 10वीं में छात्रा प्रीतिका यादव ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही छात्र देवेन्द्र सिंह यादव ने कक्षा 12वीं मैथ्स ग्रुप में 86 प्रतिशत , छात्रा परिशि अग्रवाल बायोलॉजी ग्रुप में 80.2 प्रतिशत तथा छात्र आयुष साहू कॉमर्स ग्रुप में 81.4 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा कक्षा 10वीं में छात्रा संस्कृति गुर्जर 95.6 प्रतिशत, छात्र भावेश साहू 94.6 प्रतिशत छात्र शिवम् कुमार गुप्ता 93.8 प्रतिशत प्रतिशतएवं छात्रा तनिष्का गुप्ता 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के डायरेक्ट डॉ. मुकेश कुमार मारू ,प्रिंसिपल नीलिमा शर्मा एवं समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा समस्त उत्तीर्ण विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।

# जबलपुर से इंदौर जा रही बस अनियंत्रित होकर खेत में गिरी, 40 यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

बुधवार की अलसुबह विदिशा के पास सागर हाईवे पर चक्कपटनी के पास मंगलवार रात जबलपुर से इंदौर जा रही लक्जरी यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खेत में उतर गई। बस में सवार यात्रियों को मामूली चोटों की खबर है लेकिन बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

हादसे में यात्रियों को मामूली चोटें आईं। बस के एक हेल्पर के हाथ में चोट लगी। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। बस में लगभग 40 यात्री सवार थे। यात्रियों को दूसरी कंपनी की बस से आगे भोपाल भेजा गया। घटना रात 3 बजे की है। हादसे के वक्त सभी यात्री सो रहे थे। बस के खेत में उतरने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और ग्रामीणों ने सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। ग्यारसपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जानकारी के मुताबिक यात्री सुबह 8:30 बजे तक सड़क किनारे बैठे रहे। कोई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। स्थानीय लोगों ने यात्रियों की मदद की। यात्रियों में छोटे बच्चे और महिलाएं भी थे। पुलिस ने बस मालिक से संपर्क किया। इसके बाद यात्रियों के लिए वैकल्पिक वयवस्था की गई। तब तक बस में सवार यात्री अपने गंतव्य के लिए रवाना होने का इंतजार करते रहे। सुबह 9 बजे निजी बस से भोपाल रवाना किया गया।

# दुल्हन बालिग-दूल्हा नाबालिग हो गई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदरगढ़

ग्राम बरवाई में नाबालिग लड़के की शादी कराये जाने की सूचना पर पहुंची प्रशासन की टीम ने बाल विवाह को रुकवाया और मामला दर्ज कराया है। परियोजना की जिला प्रभारी दीपा शर्मा ने बताया कि उन्हें सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना हैदरगढ़ के अंतगर्त ग्राम बरवाई में नाबालिग बालक का विवाह एक वयस्क लड़की के साथ कर दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सोनू प्रजापति एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने एक नाबालिग लड़के की शादी की सूचना मिलने पर तत्परता दिखाई। मामला सामने आने के बाद विभाग की टीम ने संबंधित थाने में पहुंचकर बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत एफआईआर दर्ज कराई। जिला प्रभारी ने बताया की लड़के की उर्म 19 साल 9 माह है रही थी। जबकि लड़की बालिग है। बालिक लड़की की शादी नाबालिक लड़के के साथ की जा रही थी। सूचना मिलते ही बाल टीम मौके पर पहुंची और विवाह को रुकवाया। इसके बाद उन्होंने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई। विभाग लगातार बाल विवाह के खिलाफ जनजागरूकता अभियान भी चला रहा है। इस कारवाई से यह संदेश गया है कि बाल विवाह जैसे अपराध अब सहन नहीं किए जाएंगे।